मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल) में हिन्दी पखवाड़ा- 2016 का आयोजन

मात्स्यिकी महाविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इम्फाल), लेम्बुछेड़ा, त्रिपुरा में दिनांक 1 से 14 सितम्बर 2016 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । इस पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 01-09-2016 सुबह 10:30 बजे रखा गया । हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिजित सप्तर्षी, आइपीएस, पुलिस अधीक्षक, पश्चिम त्रिपुरा को आमन्त्रित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, अधिष्ठाता , मात्स्यिकी महाविद्यालय ने राजभाषा के महत्व और इस के अनुपालन हेतू महाविद्यालय की प्रतिबद्धता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को अधिकाधिक काम हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित किया। उद्घाटन समारोह में कर्मचारियों एवं विद्यार्थीगणों के लिए श्रुति लेख (डिक्तेसन) गिता आयोजितप्रतियो किया गया ।

मुख्य अतिथि श्री अभिजित सप्तर्षी, आईपीएस का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए अधिष्ठाता, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय

डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय उद्घाटन समारोह को सबका अभिनन्दन करते हुए

उद्घाटन समारोह में कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति

मुख्य अतिथि श्री अभिजित सप्तर्षी, आईपीएस सभा को संबोधित करते हुए

इस **हिन्दी पखवाड़ा-2016** में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रमों का विवरण निम्नरूप है :

क्रम स॰	कार्यक्रम	तिथि	समय
1.	उद्घाटन समारोह	01-09-2016	10-30 ए.एम.
2.	श्रुति लेख(डिक्तेसन)	01-09-2016	11.15 ए.एम.
3.	हिन्दी पाठन (हिन्दी रीडिंग)	03-09-2016	3.0-4.30 पी.एम.
4.	अंताक्षरी	06-09-2016	3.0-4.30 पी.एम.
5.	कविता पाठ (पोयम रीडिंग)	06-09-2016	3.00-4.30 पी.एम.
6.	अनुवाद	07-09-2016016	3.00-4.30 पी.एम
7.	कार्यालय कार्य उपयोगी शब्दकोश पर प्रश्नोत्तरी	09-09-2016	3.00-4.30 पी.एम.
8.	प्रशिक्षण कार्यशाला (वर्कशॉप)	09-09-2016	3.00-4.30 पी.एम.
9.	सूलेख (चिल्ड्रेन)	11-09-2016	3.00-4.30 पी.एम.
10.	पत्र लेखन / टिप्पणी	13-09-2016	3.00-4.30 पी.एम.
11.	पखवाड़ा समापन समारोह	14-09-2016	2.30 पी.एम.

कार्यक्रमों में इस महाविद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थीयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । जो भी कर्मचारी हिन्दी प्रशिक्षण जैसे - प्रबोध / प्रबीण / प्रज्ञा के लिए इस महाविद्यालय द्वारा नामित हुए थे वे भी शतप्रतिशत इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

हिन्दी पखवाड़ा 2016 का कार्यक्रमों की कुछ झलकियां

श्रुतिलेखन प्रतियोगिता

श्रुतिलेखन प्रतियोगिता

हिन्दी पाठन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शिक्षार्थी एवं कर्मचारी	अंताक्षरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शिक्षार्थी एवं कर्मचारी

18.09.2015 को संस्थान के कर्मचारियों के लिए "राजभाषा निति-अधिनियम एवं उपनियम" विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य-वक्ता के रूप में श्री मुनीन्द्र मिश्र, हिन्दी अधिकारी, त्रिपुरा विश्वविद्यालय को आमन्त्रित किया गया जिन्होने कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों को हिंदी के प्रति जागरूक होने की अपील की और कहा कि इसे अपने दैनिक व्यवहार में अपनाए और संस्थान में राजभाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ाए। इस दौरान उन्हें राजभाषा एकक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की निरंतर गतिविधियों से संस्थान में हिंदी का अनुकूल वातावरण तैयार हो होता है जो राजभाषा के कार्यान्वयन की दृष्टि से एक अच्छा सूचक है। श्री मुनीन्द्र मिश्र ने राजभाषा नीति की प्रासिंगताओं पर बल दिया और दैनिक कार्यालयीन कामकाज को हिंदी में हो रही झिझक को दूर करने हेतु महत्वपूर्ण सरल उपाय बताए । कार्यशाला में कुल 10 कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया ।

हिन्दी कार्यशाला	हिन्दी कार्यशाला में भाग लेते हुए कर्मचारी एवं विद्यार्थी

शब्दलेखन प्रतियोगिता	सुलेख प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चें

14.09.2016 को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. र. कु. साहा के स्वागत भाषण से हुआ । तत्पश्चात डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय, प्रभारी राजभाषा ने हिंदी पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम विवरण दिया । पुरस्कार वितरण समारोह में सभी प्रतियोगितायों के लिए तीन पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार रू.1500/- द्वितीय पुरस्कार रू.1200/- तथा तृतीय पुरस्कार रू.1000/- दिया गया । कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, हिन्दी प्रशिक्षक, हिन्दी प्रशिक्षण योजना, भारत सरकार ने महाविद्यालय में राजभाषा इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और हिंदी दिवस के अनुपालन संबंधी पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के उत्साहपूर्ण भागिदारी की सराहना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय, प्रभारी राजभाषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

पुरस्कार समारोह

पुरस्कार समारोह

पुरस्कार लेते हुए छात्रा

पुरस्कार लेते हुए बच्चे

पखवाड़ा समापन समारोह 14-9-2016